>

Title: Need to implement welfare schemes for the benefit of weavers in Ambedkar Nagar district, Uttar Pradesh.

**डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद):** मैं सरकार का ध्यान जनपद-अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश् के जलालपुर, टांडा, भूलेपुर, इल्तिफातगंज आदि स्थानों पर बुनकरों की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। पिछले दो माह में बुनकरों के प्रयोग में आने वाले सूत (यार्न) की कीमत काफी बढ़ गई है, जबकि केन्द्र सरकार ने कोई टैक्स इस पर नहीं लगाया है।

उत्तर प्रदेश में बुनकरों को सूत स्थानीय तौर पर मिल सकें, इसके लिए सूत मिलों को स्थापित करना, सरकारी डिपो सूत की बिक्री और बुनकरों को बनाये सामान की खरीद के लिए स्थापित हो।

बुनकरों को बिजली आपूर्ति ठीक कराई जाये व कृषि ऋणों को माफ करने की केन्द्र सरकार की पिछली योजना की भांति बुनकरों के कर्जे को भी माफ किया जाये।